फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

कमलादेवी वगैरह बनाम बिरमा देवी वगैरह

किस्म मुकदमा : अपील एल.आर.एक्ट

अपील संख्या 42/2024
GCMS No. 2024/52

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	न० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
15.01.2026	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 2 श्री विजय कुमार पारीक ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया रेस्पोडेन्ट संख्या 4 गिरधारी पुत्र गुरदयालराम का देहान्त दिनांक 16.09.2022 को हो चुका है। इल्म के बावजूद मृत्तक के खिलाफ अपील पेश की है। अपील अबेट हो चुकी है मृत्तक के विरूद्ध अपील पेश नही हो सकती है ना ही चल सकती हैं। अपील अपीलांट में रेस्पोडेन्ट संख्या 4 गिरधारी पुत्र गुरदयाल राम की मृत्यु होने के कारण अपील अबेट हो जाने से खारिज की जावें। अपील अपीलांट के उक्त प्रार्थना–पत्र के संबंध में दौराने बहस No Objection कथन किया। प्रार्थी प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों, मृत्यु प्रमाण–पत्र अवलोकन एवं मनन किया। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 2 श्री विजय कुमार पारीक ने प्रार्थना पत्र मय मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर रेस्पोडेन्ट संख्या 4 गिरधारी पुत्र गुरदयालराम का देहान्त दिनांक 16.09.2022 को हो जाने से अपील अपीलांट अबेट हो चुकी है। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 2 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर अपील अपीलांट अबैट हो जाने से इसी स्तर पर खारिज की जाती है। तदनुसार अपील अपीलांट निर्णित होकर नम्बर से कम हो। निर्णय की प्रति अपील पत्रावली में शामिल की जाकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावें। निर्णय आज दिनांक 15.01.2026 को लिखिवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। (विश्राम मीना) संभागीय आयुक्त बीकानेर	